## न्यूज डायरी



### कराची के आसमान में दिखी रहस्यमय तेज चमक, दहशत में आए पाकिस्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची और सिंध प्रांत के अन्य हिस्सों के आसमान में शनिवार की रात को एक रहस्यमय चमक दिखाई दी जो कुछ देर बाद गायब हो गई। बताया जा रहा है कि यह एक उल्कापिंड था और उसकी पूंछ दूर से ही नजर आ रही थी। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने शाम करीब 7 बजे इस उल्कापिंड को गिरते देखा। सोशल मीडिया में भी इसके कई वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। पाकिस्तानी खगोलविदों ने इस उल्कापिंड के गिरने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उल्कापिंड धरती के वातावरण में आते ही जल गया होगा और फिर बाद में यह धरती पर गिर गया। मौसम विशेषज्ञ जवाद मेमन ने कहा कि इस तरह के उल्कापिंड इंसानों के लिए खतरा नहीं होते हैं। उल्कापिंड आसमानी चट्टान होती है जो धरती के वातावरण में प्रवेश करने पर अत्यधिक दबाव का सामना करती है और गर्म होकर जल उठती है।

### राष्ट्रपति बाइडन बोले– बिना शर्त सीधी वार्ता करना चाहते हैं हम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। उत्तर कोरिया द्वारा किए गए किए गए सबसे बड़े मिसाइल परीक्षण का असर अब साफतौर पर दिखाई देने लगा है। सोमवार को तड़के किए गए इस बैलेस्टिक मिसाइल टेस्ट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि वो उत्तर कोरिया से बिना शर्त बात करना चाहता हैं। इसको देखते हुए लगने लगा है कि उत्तर कोरिया के मिसाइल टेस्ट से अमेरिका पर बातचीत का दबाव भी बढ़ रहा है। आपको बता दें कि उत्तर कोरिया द्वारा किए गए इस मिसाइल टेस्ट को वर्ष 2017 के बाद सबसे बड़ा टेस्ट बताया जा रहा है। वहीं जानकारों का कहना है कि उत्तर कोरिया इस वक्त को अपने लिए काफी बेहतर समझ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिका महामारी और रूस–यूक्रेन के बीच घिरा हुआ है। ऐसे में उत्तर कोरिया जल्द से जल्द इस काम को अंजाम दे रहा है। जानकारों का ये भी कहना है कि उत्तर कोरिया चाहता है कि उसकी मिसाइलों को दुनिया एक ताकत के रूप में माने।

### जानवरों के जीवन में सुधार ला सकते हैं चिड़ियाघर, नए अध्ययन में आया सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एक्सेटर। जानवरों की कई प्रजातियां लुप्त हो गई हैं तो कई लुप्त होने के कगार पर हैं। ऐसे में इनका संरक्षण और इनकी संख्या में वृद्धि पूरे विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती है। अध्ययन के आधार पर इस दिशा में एक अहम जानकारी सामने आई है, जो जानवरों के संरक्षण में मददगार साबित हो सकती है। एक नवीन अध्ययन में बताया गया है कि चिड़ियाघर और एक्वेरियम जानवरों के जीवन में व्यापक सुधार ला सकते हैं। यह अध्ययन एनिमल वेलफेयर जर्नल में प्रकाशित किया गया है। 'पर्यावरण संवर्धन' (जानवरों को स्फूर्तिदायक वातावरण देना) का उपयोग हाल के वर्षों में चिड़ियाघरों और एक्वेरियम में तेजी से आम हो गया है। एक्सेटर विश्वविद्यालय और स्पाशरेल्ट कालेज हैंपशायर के अध्ययनकर्ताओं द्वारा किए गए इस अध्ययन में इस बात की जांच की गई कि क्या चिड़ियाघर प्रत्येक प्रजाति को उनके संवर्धन का वह उपलब्ध कराते हैं, जिनकी उन्हें जरूरत है।

### पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने की पादरी की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान में चर्च से लौट रहे पादरी की पहले से घात लगाए बंदूकधारियों ने हत्या कर दी, प्रोटेस्टेंट चर्च के सबसे वरिष्ठ पादरी बिशप आजाद मार्शल ने इस हमले को लेकर कड़ी निंदा की। वहीं इसके साथ–साथ उन्होंने पाकिस्तान सरकार से ईसाईयों को न्याय और सुरक्षा देने का आग्रह किया है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों ने शहर के चमकनी इलाके में पादरी सिराज और रेव पैट्रिक नईम को ले जा रही कार पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा, घात लगाकर किए गए हमले में पादरी विलियम सिराज की तत्काल मौत हो गई, जबकि नईम घायल हो गए। रिपोर्ट अनुसार आजाद मार्शल ने हमले की निंदा करने और न्याय की गुहार लगाने के लिए अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल का सहारा लिया।

# दुनियाभर में महामारी से मरने वालों का आंकड़ा 56.6 लाख के पार

चिंता

## रूस में 124,070 मामले, 621 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना के एक के बाद एक नए वैरिएंट सामने आने से दुनिया राहत की सांस नहीं ले पा रही है। दुनिया भर में कोरोना के मामले बढ़कर 37.43 करोड़ हो गए हैं। अब तक इस महामारी ने दुनियाभर में 56.6 लाख से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। यूरोप में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। फ्रांस और रूस कोरोना महामारी का नया केंद्र बनते नजर आ रहे हैं। रूस में कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस बीच दुनिया के कई नेता कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं।



रूस में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 124,070 नए मामले सामने आए जबकि इसी दौरान 621 लोगों की मौत हो गई। रूस में एक दिन पहले 121,228 मामले सामने आए थे। इसके साथ ही रूस में संक्रमितों का आंकड़ा 11,861,077 हो गया है जबकि महामारी से 331,349 लोगों की मौत हो चुकी है।

**फ्रांस में 249,448 मामले:** फ्रांस में भी कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। फ्रांस में बीते 24 घंटे में कोरोना के 249,448 नए मामले सामने आए। फ्रांस में संक्रमितों की संख्या 19,058,073 हो गई है जबकि महामारी से 130,583 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

**कई नेता हुए संक्रमित:** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न कोरोना से संक्रमित हो गई हैं। वहीं इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। हाल ही में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी कोरोना से संक्रमित हो गए थे।

**इजरायल के पीएम ने कही यह बात:** इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने कहा कि देश में ओमिक्रोन की लहर धीरे धीरे शांत हो रही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ओमिक्रोन के अंत का जश्न मनाना बड़ी बेबकूफी होगी। इजराइल में संक्रमितों का आंकड़ा 2,830,161 है जबकि महामारी से 8,725 मौतें दर्ज की गई हैं।

**कनाडा में वैक्सीन अनिवार्य के आदेश पर भारी बवाल:** कनाडा की सरकार के वैक्सीन अनिवार्य किए जाने के आदेश का जोरदार विरोध हो रहा है। कनाडा–अमेरिका सीमा पार करने के लिए सरकार ने यह आदेश जारी किया था जिसके विरोध में सैकड़ों ट्रकों और हजारों प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को ओटावा शहर की सड़कों को जाम कर दिया। संसद हिल के चारों ओर प्रदर्शनकारी जमा हो गए हैं। हिंसा की आशंकाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है।

## पाकिस्तानी मौलाना के जहरीले वीडियो देख गुजरात में मर्डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। गुजरात के धंधुका शहर में आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट लिखने के बाद एक शख्स की कुछ दिनों पहले हत्या कर दी गई। अब इस हत्याकांड की जांच कर रहे गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके खुलासा किया है कि इस हत्याकांड के तार पाकिस्तान के जहरीले मौलाना खादिम रिजवी के नफरत फैलाने वाले वीडियो से जुड़े हैं। मौलाना खादिम रिजवी पाकिस्तान के मुस्लिम कट्टरपंथी गुट तहरीक ए लब्बैक का मुखिया था। साद रिजवी की नवंबर 2020 में कथित रूप से आईएसआई के इशारे पर हत्या कर दी गई थी।

गुजरात के धंधुका हत्याकांड के आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे पाकिस्तानी मौलाना के जहरीले वीडियो से भ्रमित हो गए थे। यही नहीं दिल्ली के भी दो मौलाना भी उन्हें ये पाकिस्तानी मौलाना के वीडियो देखने के लिए उकसा रहे थे। गुजरात एटीएस ने एक मौलाना को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

एटीएस ने कहा कि इन युवकों को अकेले ही हमला करने लिए के लिए कट्टरपंथी विचारों से भरा गया था। इन युवकों को हमलावर बनाने के लिए पाकिस्तानी मौलाना साद रिजवी के वीडियो दिखाए गए।



कनाडा की संसद के पास लहराया नाजी झंडा, बुरा फंसे पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कोरोना नियमों के खिलाफ 50 हजार ट्रक चालकों का विरोध प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन भी जारी है। इन ट्रक चालकों ने कनाडा की संसद को घेर लिया है और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अभी भी परिवार के साथ सुरक्षित स्थान पर छिपे हुए हैं। इस बीच कई प्रदर्शनकारियों ने कनाडा की संसद के पास तानाशाह हिटलर के नाजी स्वास्तिक वाला झंडा लहरा दिया। भारत में किसानों पर ज्ञान देने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ट्रकों चालकों के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है जिससे ट्रक चालक बुरी तरह से नाराज हैं।

## रूस को सबक सिखाने के लिए यूक्रेन पहुंचे अमेरिकी सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच भारी तनाव के बीच 200 अमेरिकी सैनिक यूक्रेन के पोलैंड से सटे शहर लवीव पहुंच गए हैं। ये अमेरिकी सैनिक रूसी सेना लोहा लेने के लिए यूक्रेन के सैनिकों को रॉकेट लॉन्चर्स को चलाने और जंग की अन्य तरह की ट्रेनिंग दे रहे हैं। ये खतरनाक रॉकेट लॉन्चर्स रूसी सैनिकों के बंकरों को तबाह करने में सक्षम हैं। ये अमेरिकी सैनिकी ऐसे समय पर कीव पहुंचे हैं जब जो बाइडन ने चेतावनी दी है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर हमला कर सकता है।

अमेरिका के फ्लोरिडा नैशनल गार्ड के सैनिकों को लवीव अमेरिका ने यूक्रेन को 300 जेवलिन एंटी टैंक मिसाइल दिए फायरिंग रेंज में देखा गया है। ये अमेरिकी सैनिक बंकर को तबाह करने वाले रॉकेट लॉन्चर M141 को चलाने की ट्रेनिंग अमेरिकी सैनिकों को दे रहे हैं। अमेरिका ने ऐसे 100 रॉकेट लॉन्चर यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में दिए हैं। अमेरिका की कोशिश है कि यूक्रेन को इतने घातक हथियारों से लैस कर दिए जाएं कि रूस हमला करने का दुस्साहस न कर सके।

अमेरिकी सैनिकों को यूक्रेन की सेना को प्रशिक्षण और सहायता मुहैया कराना है। अमेरिकी बंकर बस्टर रॉकेट को कंक्रीट, ईंट और बालू से बने सैन्य पोजिशन को तबाह करने के लिए बनाया गया है। इस रॉकेट का साल 1999 से अमेरिकी सेना इस्तेमाल कर रही है। अमेरिका ने यूक्रेन को 300 जेवलिन एंटी टैंक मिसाइल भी दिया है जो रूसी टैंकों का काल बन सकते हैं। ब्रिटेन ने भी अपनी छर्रा एंटी टैंक मिसाइल को यूक्रेन को दिया है। ब्रिटिश सेना भी यूक्रेन के सैनिकों को इन मिसाइलों का इस्तेमाल सिखा रही है। उधर, रूस ने यूक्रेन की सीमा पर 1 लाख 30 हजार सैनिकों को तैनात करके रखा हुआ है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर मिसाइलें और युद्धक टैंक भी यूक्रेन की सीमा पर मौजूद हैं। यही नहीं रूस बेलारूस के साथ मिलकर एक बड़े युद्धाभ्यास को अंजाम देने जा रहा है।

## बांग्लादेश ने कोरोना संक्रमितों के लिए क्वारंटाइन की अवधि में किया बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने देश में मौजूदा कोरोना संक्रमण के पाजिटिविटी रेट को देखते हुए क्वारंटाइन अवधि को 14 दिनों से घटाकर 10 दिन कर दिया है। डीजीएचएस के प्रवक्ता प्रो डा. नजमुल इस्लाम ने 30 जनवरी को देश में कोरोनो वायरस की स्थिति पर वर्चुअल ब्रीफिंग करते हुए यह बात कही। प्रो डा. नजमुल इस्लाम ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति कोरोना से संक्रमित पाया जाता है तो हम उसे 10 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रहने को कहेंगे। इसके बाद बुखार और अन्य लक्षण खत्म होने पर संक्रमित व्यक्ति 10 दिनों के बाद काम पर वापस जा सकता है। इससे पहले बांग्लादेश में कोरोना से संक्रमिक व्यक्ति को ठीक होने के बाद काम पर वापस जाने के समय आरटी पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट साथ लेकर जाना अनिवार्य किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी को गले में खराश और कर्कश आवाज के साथ बुखार है तो व्यक्ति को डाक्टर के पास जरूर जाना चाहिए।